‘राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे ।।
सहस्त्रनाम तत्तुल्यं रामनाम वरानने ।।’

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

DGR Detective Group Report

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 81 | इंदौर, शनिवार 04 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## जीएमसी बना हाईटेक, अब ऑफिस का हर काम होगा डिजिटल

◆ हर साल बचेगा लाखों का खर्च, कामकाज में आएगी रफ्तार



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मरीजों की बेहतर देखभाल के लिए पहचाने जाने वाले गांधी मेडिकल कॉलेज (GMC) और हमीदिया अस्पताल अब अपने ऑफिस कामकाज में भी डिजिटल इंडिया की दिशा में बड़ा कदम बढ़ा चुके हैं। यहां ई-ऑफिस प्रणाली शुरू कर दी गई है। यानी अब नोटिंग, फाइल मूवमेंट, अप्रूवल जैसे सभी काम पेपरलेस तरीके से किए जाएंगे।

### हर साल 12 लाख कागज की बचत

अब तक GMC और हमीदिया के दफ्तरों में हर महीने करीब एक लाख कागज खर्च होते थे। इस पर प्रिंटिंग, फोटोकॉपी और कागज खरीदने में सालाना 18 लाख रुपए से ज्यादा खर्च हो जाता था। ई-ऑफिस के आने से ये खर्च पूरी तरह बंद हो जाएगा, जिससे संस्थान आर्थिक रूप से और मजबूत होगा।

### कामकाज होगा तेज, पारदर्शिता में आएगा सुधार

ई-ऑफिस प्रणाली से हर फाइल को ट्रैक करना आसान होगा। किस स्तर पर काम अटका है, कहां मंजूरी हो चुकी है ये सब कुछ अब एक क्लिक में पता चल सकेगा। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही भी बढ़ेगी।

### पांच विभागों में हुई शुरुआत, जल्द पूरे संस्थान में होगा विस्तार

शुरुआत में ई-ऑफिस को पांच प्रमुख विभागों में लागू किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इसे धीरे-धीरे संपूर्ण कॉलेज और अस्पताल प्रशासन में लागू किया जाएगा। इससे कागजों की फाइलों की जगह डिजिटल डॉक्यूमेंट्स ले लेंगे और ऑफिस की जगह का भी बेहतर उपयोग हो सकेगा।

### पर्यावरण को भी मिलेगा लाभ

जीएमसी की डीन डॉ. कविता एन सिंह ने कहा है कि ई-ऑफिस से कार्यप्रणाली तेज और पारदर्शी बनेगी। यह एक ऐसा बदलाव है जो आज की जरूरत भी है और आने वाले कल की तैयारी भी। यह कदम पर्यावरण के लिए भी राहत भरा है। हर साल लाखों कागज की खपत रुकने से पानी और ऊर्जा की बचत होगी और प्रदूषण भी कम होगा।

◆ मुख्यमंत्री डॉ. यादव तय कार्यक्रम रद्द कर पीड़ितों के बीच पहुंचे पंधाना

# दुर्घटना से प्रभावित परिवारों से मिलकर ढांढस बंधाया

◆ गंभीर घायलों को एक-एक लाख रूपए की राहत राशि देने के निर्देश

◆ दुर्घटना स्थल पर होगा घाट निर्माण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पंधाना, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खण्डवा जिले में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली दुर्घटना के प्रभावित परिवारों से पंधाना पहुंचकर संवेदना प्रकट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद के लिए आश्वस्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पूर्व निर्धारित अपने सभी कार्यक्रम निरस्त कर पंधाना पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मिलकर शोक-संवेदना व्यक्त की और उन्हें ढांढस बंधाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने परिवारजन को सांत्वना देते हुए कहा कि हृदय विदारक दुख की घड़ी में राज्य सरकार पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। आवश्यक सहायता राशि भी परिवारों को स्वीकृत कर प्रदान की गई है। प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए प्रति दिवंगत 4-4 लाख रूपए मध्यप्रदेश सरकार और 2-2 लाख रूपए प्रधानमंत्री सहायता कोष से मंजूर किए गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घटना में गंभीर रूप से घायल लोगों को समुचित उपचार के लिए एक-एक लाख रूपए की राशि दी जाएगी। सामान्य घायल नागरिक को 50-50 हजार रूपए दिए जाएंगे। सरकार घायलों के उपचार का पूरा खर्च वहन करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिन लोगों ने संकट में फंसे लोगों की सहायता की है, उन्हें भी पुरस्कृत किया जाएगा। रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग करने वालों को प्रति सहयोगी 51 हजार रूपए की नकद प्रोत्साहन पुरस्कार राशि आगामी गणतंत्र दिवस पर सम्मान-पत्र सहित प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि घटना हृदय विदारक है। छोटे बच्चों की अकाल मृत्यु दुखदाई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की कि दुर्घटना स्थल पर पक्के घाट का निर्माण करवाया जाएगा। इस दौरान जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, मांधाता विधायक श्री नारायण पटेल, खंडवा विधायक श्रीमती कंचन मुकेश तन्वे, पंधाना विधायक श्रीमती छाया मोरे, संभागायुक्त इन्दौर डॉ. सुदाम खाड़े सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

### एक ही वक्त जली 11 चिताएं

खंडवा में दुर्गा विसर्जन के दौरान हुए हादसे में जान गंवाने वाले 11 लोगों का शुक्रवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। गुरुवार को जहां शोभायात्रा में सभी डीजे पर डांस कर रहे थे, आज वहीं परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का माहौल है। जिस 8 साल की चंदा का शव सबसे आखिरी में पानी से निकाला गया था, उसकी दो छोटी बहनें हैं।

# आरएसएस के सबसे बड़े पथ संचलन की तैयारी, डेढ़ लाख से अधिक लोग जुटेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पकड़ ज्यादा मजबूत है। अपने शताब्दी वर्ष में संघ इंदौर में सबसे बड़े पथ संचालन को निकालने की तैयारी कर रहा है। पांच अक्टूबर को शहर के अलग-अलग स्थानों से हजारों स्वयंसेवक कदमताल करते हुए चलेंगे। इस पथ संचालन में डेढ़ लाख से ज्यादा लोगों को शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए स्वयंसेवक बीते पंद्रह दिन से घर-घर जाकर संपर्क कर रहे है। संघ की कोशिश है कि हर परिवार से एक सदस्य संचलन का हिस्सा बने।**



आमतौर पर संघ का पथ संचालन हर साल दशहरे पर निकलता है। इसी दिन संघ की स्थापना हुई थी। इस बार संघ का पथ संचालन दशहरे के तीन दिन बाद यानी पांच अक्टूबर को निकालेगा। पिछले साल पथ संचलन में 60 हजार स्वयंसेवक शामिल हुए थे। इस बार शताब्दी वर्ष को देखते हुए दो लाख लोगों को जुटाने की कवायद की गई है। हर क्षेत्र से जुड़े लोगों से संघ के स्वयंसेवक संपर्क कर रहे है और उन्हें पथ संचलन में शामिल होने का आग्रह कर रहे है। इस कारण शहर में संघ के गणवेश सिलवाने की संख्या भी बढ़ गई है। यह पहला मौका है जब गणवेश की बढ़ती डिमांड को देखते हुए शहर के अलग-अलग स्थानों पर वस्तु भंडार खोले गए है। शहर में संचलन सुबह 9 बजे शुरू होगा और शाम पांच बजे के बाद तक जारी रहेगा। कुल 36 पथ संचलन अलग-अलग क्षेत्रों से निकलेंगे। उनके स्वागत के लिए मंच भी लगाए जाएंगे और घरों से भी परिवार फूल बरसाकर स्वागत करेंगे। रविवार होने के कारण 5 अक्टूबर को पथ संचलन के निकालने का फैसला लिया गया है,ताकि शहर में ट्रैफिक कम हो और ज्यादा लोग संचलन का हिस्सा बन सके।

# नवरात्र के 9 दिनों में खरीद डाले 9344 व्हीकल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर। नवरात्र के नौ दिनों में वाहन बाजार ने नई गति पकड़ी। प्रदेश भर में जहां कुल 67,507 वाहन बिके, वहीं अकेले इंदौर में 9,344 वाहनों की बिक्री दर्ज हुई। यह आंकड़ा प्रदेश की कुल बिक्री का करीब 14 प्रतिशत है, जो बताता है कि इंदौर वाहन खरीददारों का सबसे बड़ा केंद्र रहा। प्रदेश में बिके वाहनों का हर सातवां वाहन इंदौर में बिका।**



नवरात्र के पहले दिन ही जीएसटी दरों में कटौती ने खरीददारों को बड़ी बचत दी। इसलिए नवरात्र में वाहनों की बिक्री खूब हुई। वाहन बिक्री में दोपहिया का दबदबा सबसे ज्यादा रहा। प्रदेश में 50,894 दोपहिया वाहन बिके, जिनमें से 6,025 इंदौर में खरीदे गए। इसी तरह प्रदेश में 12,097 कारों की बिक्री हुई, जिनमें से 2,562 कारें इंदौरवासियों ने खरीदीं। नवरात्र में ईवी वाहनों का क्रेज भी इस बार साफ दिखाई दिया। नवरात्र के दौरान पूरे प्रदेश में 6,806 इलेक्ट्रिक वाहन बिके, जबकि अकेले इंदौर में 1,023 ईवी की बिक्री हुई। वाहन विक्रेताओं का कहना है कि नवरात्र के पहले दिन यानी 21 सितंबर से जीएसटी दरों में मिली छूट ने ग्राहकों की खरीदारी को और बढ़ावा दिया। शो रूम पर सुबह से रात तक ग्राहकों की भीड़ लगी रही और बुकिंग में रिकॉर्ड इजाफा देखने को मिला। दशहरा पर 700 कार बिकने का अनुमान नवरात्र के बाद दशहरा पर इंदौर में ऑटोमोबाइल सेक्टर में उल्लास छाया रहा। सुबह से लेकर देर रात तक शुभ मुहूर्त वाहनों की खरीदी होती रही। अनुमान के अनुसार दशहरे पर 700 कार और तीन हजार करीब दो पहिया वाहन बिकने का अनुमान है।

## आधा किमी खड़ी पहाड़ी पर दौड़े घोड़े



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। जिले के बेटमा में विजया दशमी पर अश्व, शस्त्र और गादी पूजन की रियासतकालीन परंपरा निभाई गई। अमन-चमन टेकरी पर तीन चरणों में घुड़ दौड़ हुई। इसके बाद आग के गोले से घोड़े कूदाने जैसे करतब हुए। वहीं 30 निशानेबाजों ने 200 मीटर दूर रखी मटकी पर निशाना साधा। हालांकि इस बार 90 राउंड फायर करने के बाद भी एक भी निशानेबाज मटकी फोड़ने में सफल नहीं हो सका। इसके बाद आतिशबाजी और रावण दहन किया गया।

# रविवार को जलसंकट, शनिवार को सीधी सप्लाय वाले क्षेत्रों में बाधित रहेगी जलापूर्ति

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर के कई क्षेत्रों में चार अक्टूबर 2025 शनिवार को जलापूर्ति बाधित रहेगी। जिन क्षेत्रों में सीधे सप्लाय होती है वहां पानी नहीं आएगा। रविवार 5 अक्टूबर को तो पूरे शहर में ही जल वितरण नहीं होगा। वजह है कि नगर निगम ने जलूद के आशुखेड़ी ग्राम में स्थापित 60 मेघावाट सोलर प्लांट और नर्मदा जलप्रदाय परियोजना के सुधार कार्य के लिए शटडाउन ले लिया है। यह शटडाउन शनिवार सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक रहेगा।**

नर्मदा के पहले, दूसरे और तीसरे चरण के सभी पंपिंग स्टेशन बंद रहेंगे और टंकियां नहीं भरा पाएंगी। रविवार को पूरे शहर में जलसंकट रहेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि चार अक्टूबर को काम पूरा करने के बाद शाम के समय नर्मदा पहले, दूसरे और तीसरे चरण के पंप शुरू किए जाएंगे। टंकियां खाली रहेंगी क्योंकि पानी देर रात तक शहर पहुंचेगा। इस वजह से रविवार को पूरे शहर में जलापूर्ति बाधित रहेगी।

### शटडाउन के दौरान ये काम किए जाएंगे

1. न्यू इंटेक वेल के पास 1400 एमएम एमएस पाइप लाइन बिछाना
2. पंप हाउस तीन पांच और दो में वाल्व इंस्टालेशन और सुधार काम
3. पुराने इंटेक वेल फीडर/ग्रिड में सुधार
4. सबमर्सिबल 92 एमएडी पंप स्थापित करना
5. बूस्टर पंप हाउस एक और दो, जलूद सब स्टेशन और 33/132 केवी ट्रांसमिशन लाइनों का रखरखाव
6. बड़वाह से खिरकिया 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन का रखरखाव

### शटडाउन की अवधि

शनिवार चार अक्टूबर शनिवार को सुबह 9 से शाम छह बजे तक

### जलापूर्ति प्रभावित क्षेत्रों के नाम

चार अक्टूबर को अन्नपूर्णा, समाजवाद नगर, काटन अड्डा, यशवंत क्लब, पीडब्ल्यूडी, पागनीसपागा, भवरकुआ, महावीर नगर, स्कीम 94 आदि टंकियों से होने वाला सीधा सप्लाय बाधित रहेगा। बिलावली, बजरंग नगर, आंबेडकर नगर, कृषि नगर, भवरकुआ, हवा बंगला, प्रगति नगर, स्कीम 71, विदुर नगर, वीणा नगर टंकियों से शाम के समय होने वाला जलप्रदाय बाधित रहेगा।

# इंदौर पुलिस राहत कोष के लिए जगतगुरू ने की एक करोड़ देने की घोषणा

## एक सेवादार का मंच से हुआ सम्मान... जगतगुरू ने दिया आशीर्वाद



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लाखों भक्तों और अनुयायियों की उपस्थित में चला 11 दिवसीय भव्य और अद्भुत 'नवरात्रि महामहोत्सव' गुरुवार की रात ऐतिहासिक समापन का साक्षी बना। जगतगुरू ने मंच से हर उस एक सेवादार का सम्मान किया, जो लगातार सुबह से देर रात तक आयोजन स्थल पर निःस्वार्थ सेवा देने के लिए डटे रहे। मंच से ही इंदौर पुलिस राहत कोष में 1 करोड़ देने की घोषणा भी जगतगुरू ने पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में की।**

कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने देवी भागवत कथा के दौरान जोन-1 के डीसीपी कृष्ण लालचंदानी, एडि डीसीपी आलोक शर्मा, एसीपी निधि सक्सेना, यातायात एसीपी सुप्रिया चौधरी, थाना प्रभारी राजेंद्र नगर की मौजूदगी में मंच से घोषणा की कि इंदौर पुलिस राहत कोष में वे 1 करोड़ आगामी 5 मार्च को प्रदान करेंगे और आगे भी वे इंदौर पुलिस के लिए सहायता करते रहेंगे। इसी के साथ इस टीम का सम्मान किया गया और सिद्ध स्वर्ण लेपित कलश भी भेंट किए गए। विदेश से आए कुछ अनुयायियों को भी जगतगुरू ने स्वर्ण लेपित कलश अपने हाथों से दिए। इस दौरान जगतगुरू ने इंदौर पुलिस से मिले सहयोग की प्रशंसा भी की।

### ◆ बना वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड

इंदौर की धरती पर 25 एकड़ में बने इस विशाल पंडाल को विश्व के सबसे बड़े विशाल पंडाल होने का खिताब मिला है। इस पंडाल को वर्ल्ड बुक का रिकॉर्ड ने शामिल किया है। इंदौर सांसद शंकर लालवानी, राज्यसभा सांसद सुमेर सिंह सोलंकी, विधायक मधु वर्मा, विधायक उषा ठाकुर की उपस्थिति में इसकी घोषणा वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड से आई टीम ने सर्टिफिकेट और मेडल के साथ की। उन्होंने कहा कि इंदौर की इस पावन धरती पर विश्व का सबसे बड़ा पंडाल निर्मित किया गया है।

**भक्तों के घर पधारी मां... कहीं ग्रहण किया पानी, तो कहीं जल उठा दीपक-** कृष्णगिरी पीठाधीश्वर, पूज्यपाद जगतगुरु श्री श्री 1008 आचार्य वसंत विजयानंद गिरिजी महाराज ने बुधवार की रात देवी भागवत कथा के दौरान अपने भक्तों और अनुयायियों के घरों में साक्षात् देवी का आगमन करवाया। देवी भागवत कथा पंडाल में बैठे भक्तों और अनुयायियों से देश-दुनिया के किसी भी कोने में बैठे उनके परिवारजनों से उनके घर स्थित मंदिर में जल, देवी भोग, दीपक और खाली बटुआ रखवाया। मां के आशीर्वाद और उनके आगमन के लिए प्रार्थना की गई।

## इंदौर से 6 नई सीधी फ्लाइट होगी शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर।** देवी अहिल्याबाई होलकर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंदौर से 6 नए शहरों के लिए सीधी फ्लाइट शुरू की जा रही हैं। 26 अक्टूबर से लागू होने वाले विंटर शेड्यूल में नवी मुंबई, जोधपुर, उदयपुर, जम्मू, रीवा और नासिक के लिए भी अब फ्लाइट चलेगी। इंडिगो एयरलाइंस ने इनमें से जोधपुर, उदयपुर, जम्मू और नासिक के लिए फ्लाइट्स की घोषणा के साथ बुकिंग भी शुरू कर दी है। वहीं, नवी मुंबई और रीवा के लिए अभी बुकिंग शुरू नहीं हुई है। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, नवी मुंबई के लिए सीधी फ्लाइट की घोषणा 8 अक्टूबर के बाद की जाएगी।

# तमिलनाडु में श्री राम का पुतला जूलाने पर इंदौर में बवाल

## परशुराम सेना ने दी चेतावनी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** दशहरा पर हर साल असत्य पर सत्य की जीत के जश्न में रावण का पुतला दहन किया जाता है। लेकिन तमिलनाडु में इस बार कुछ ऐसा हुआ, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की होगी। चेन्नई में एक गुट ने भगवान श्री राम का पुतला जला दिया। इतना ही नहीं, उनकी तस्वीर पर चप्पल भी मारे। इस घटना को लेकर इंदौर में परशुराम सेना ने 'विधर्मी' का पुतला जलाया। साथ ही कहा कि सनातन का अपमान करने वाले आदमी को भी जिंदा जलाना पड़ा तो जला देंगे। शुक्रवार को परशुराम सेना के प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला के नेतृत्व में पुतला जलाया गया। मालवा मिल चौराहे पर विधर्मी के नाम से पुतला जला कर कार्यवाही की मांग की गई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में प्रधानमंत्री के नाम से भी ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेश भर में आंदोलन चेतावनी भी दी गई। परशुराम सेना प्रदेश अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने कहा, जो भगवान राम का नहीं वो किसी काम का नहीं। परशुराम सेना की यही सोच है और इसी के साथ विधर्मियों का पुतला दहन किया गया। पुतलों को जलाकर यह संदेश दिया गया कि आगामी दिनों में पूरे प्रदेश में पीएम मोदी के नाम एक ज्ञापन दिया जाएगा। वहां का जो जनप्रतिनिधि यह जन मानस हैं, आप भारत के अंदर निवास कर रहे हैं। यह प्रजातांत्रिक देश है तो आपको इतनी छूट नहीं है कि आप हमारे आराध्य, सनातन धर्म का अपमान करें।

# विधायक टी.राजा ने दिलाई जिहादी मुक्त मप्र की शपथ

## एमपी के बाजारों में बैनर लगाकर प्रदेश को जिहादी मुक्त बनाएं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में तेलंगाना के विधायक टी. राजा ने लोगों को जिहादी मुक्त मध्यप्रदेश की शपथ दिलाई। विजयादशमी पर्व पर वे बतौर मुख्य अतिथि छावनी के रावण दहन कार्यक्रम में शामिल हुए थे। इस मौके पर उन्होंने एमपी के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आग्रह किया कि वे पूरे एमपी के बाजारों में बैनर लगाकर प्रदेश को जिहादी मुक्त बनाएं।**

उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि आप भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सोशल मीडिया पर निवेदन कर उन्हें हम दो हमारे दो कानून पारित करने का आग्रह करें। टी राजा ने कहा कि सभी को पता है कि इंदौर में जिस प्रकार से रावणों का दहन हो रहा है लेकिन आज का रावण कौन है, आज का रावण है लव जिहादी। जो धर्मांतरण करता है वो आज का रावण है, आज का रावण नशा है। आज हमारे देश को इस्लामिक राष्ट्र बनाने के लिए बहुत



बड़ी योजना रही है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि मैं आप सभी में माता देखता हूं। मां अहिल्या को देखता हूं। आज हमारा नौजवान इंस्टाग्राम, फेसबुक पर बिजी है, नशा करने में बिजी है। उन्होंने कहा कि अगर नशा करना ही है तो देश, धर्म का नशा करो, लव जिहादी को ठोकने का नशा करो। इस नशे में जो मजा है वह किसी नशे में नहीं है। आज हमारे इंदौर और मप्र को नशे का अड्डा बनाया जा रहा है, खासकर हमारे नौजवानों को टारगेट किया जा रहा है। राजा ने कहा कि हमारे इंदौर को लव जिहाद का अड्डा बना दिया है। साथ ही पूछा कि आजाद नगर कितनी दूर है यहां से? जवाब मिलने पर कहा कि 2 किमी दूर वहीं आजाद नगर में एक लव जिहादी हमारी बहन, बेटियों के लिए अपना नाम रखता है अमन और उन्हें फंसाता है। बाद में हमारी बहन को पता चलता है कि वह हिंदू नहीं यह जिहादी अमन खान है। वह उस पर मुकदमा दर्ज कराती है।

# आईईटी कैंपस में तोड़फोड़ और चोरी, 14 कैमरे तोड़े




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के आईईटी कैंपस में तोड़फोड़ और चोरी की घटना सामने आई है। यहां अज्ञात लोगों ने न केवल 14 सीसीटीवी कैमरे तोड़े बल्कि डीवीआर भी चोरी कर लिया। इस घटना से कॉलेज प्रशासन को भारी संपत्ति नुकसान झेलना पड़ा है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच में कई चौंकाने वाली बातें सामने आ रही हैं।**

भंवरकुआ पुलिस ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्टाफ मेंबर रणजीत शिंदे की शिकायत पर चार छात्रों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की है। जिन छात्रों पर कार्रवाई की गई है उनके नाम विवेक शर्मा, अनुज राज परमार, नवीन बारे और सौरभ जाटव बताए गए हैं। पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में इन छात्रों की भूमिका संदिग्ध पाई गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घटना के बाद आईईटी कैंपस में मौजूद करीब 93 छात्रों को जांच के घेरे में लिया गया है। इनमें से कई छात्रों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना के पीछे की साजिश का पता लगाया जा सके। पुलिस का मानना है कि यह केवल चोरी की वारदात नहीं है बल्कि तोड़फोड़ की सुनियोजित कार्रवाई भी हो सकती है। इस घटना के बाद आईईटी कैंपस में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। पुलिस और कॉलेज प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए विशेष कदम उठाने की बात कही है। वहीं, छात्रों और स्टाफ में इस घटना के बाद भय और असुरक्षा का माहौल देखने को मिल रहा है। जांच पूरी होने तक पुलिस लगातार कैंपस पर निगरानी बनाए हुए है।

## ईओडब्ल्यू की निगम के रेवेन्यू विभाग पर कार्रवाई

# एआरओ, प्रभारी बिल कलेक्टर 40 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ, (ईओडब्ल्यू) इंदौर द्वारा सहायक राजस्व अधिकारी (एआरओ) और प्रभारी बिल कलेक्टर (राजस्व विभाग), नगर निगम को 40 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगेहाथों पकड़ा है।**

संतोष सिलावट पिता हरि सिलावट निवासी गीता नगर ने 1 अक्टूबर को एसपी ईओडब्ल्यूको शिकायत की थी कि उनका गोदाम निगम के राजस्व अधिकारी द्वारा नोटिस चस्पा किया और सील कर दिया गया था। सील गोदाम को खोलने के लिए पुनीत अग्रवाल



(एआरओ, नगर निगम जोन-19) और रोहित साबले (प्रभारी बिल कलेक्टर, राजस्व विभाग निगम जोन 19) द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की जा रही है? पहली किस्त के तौर पर 40 हजार देना तय हुआ था। पुष्टि होने के बाद ईओडब्ल्यूने दोनों को पकड़ने के लिए प्लान तैयार किया गया। शुक्रवार को जैसे ही सिलावट ने उन्हें 40 हजार रुपए दिए तो ईओडब्ल्यू टीम के कन्हैयालाल दांगी, संजय द्विवेदी (डीएसपी), टीआई कैलाशचन्द्र पाटीदार, आमोद सिंह राठौर, हरीश वर्मा आदि ने दोनों को रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथों हिरासत में ले लिया। उनके खिलाफ शासकीय काम करने के एवज में रिश्वत मांगने, तकनीकी व डिजिटल साक्ष्य होने और मौके पर रंगेहाथों पकड़े जाने के साक्ष्य के आधार पर धारा 7 भनिअ एवं 61 (2) बीएनएस 2023 के तहत केस दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## चालू लाइन में ट्रांसफार्मर पर करवाया सुधार

# इंजीनियर बोला- काम करना पड़ेगा वरना नौकरी छोड़ो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेंद्र नगर बिजली जोन में फिर जानलेवा लापरवाही उजागर हुई है। बरसते पानी में बिजली ट्रांसफार्मर का सुधार बिना लाइन बंद किए करवाया गया। सुधार करने वाले आउटसोर्स बिजली कर्मचारी ने जब जोन इंजीनियर से सुरक्षा के लिए लाइन बंद करने की मांग की तो उसे नौकरी से निकालने की धमकी दे दी गई। जान जोखिम में डालते हुए कर्मचारी ने सुधार तो कर दिया, लेकिन इस मामले में शिकायत कंपनी को की गई है। इससे पहले अनंत चतुर्दशी पर बिजली सुधार में लापरवाही के लिए जोन चर्चा में आ चुका है।

जोन पर काम करने वाले आउटसोर्स कर्मचारी की ऑडियो रिकॉर्डिंग के साथ शिकायत डिवीजन दफ्तर में पहुंची है। ऑडियो में कर्मचारी जोन के सहायक यंत्री शंकर भगत से मांग करता सुनाई दे रहा है कि सुधार से पहले हैंड ट्रिप दिया जाए। यानी कि संबंधित क्षेत्र की बिजली लाइन पर आपूर्ति बंद कर दी जाए ताकि उसे करंट लगने का खतरा नहीं रहे। इंजीनियर मना करते हैं कि लाइन बंद नहीं होगी। इस पर लाइन कर्मचारी कहता है कि आप लिखित में दें कि मैं चालू लाइन पर सुधार करूं। इस पर इंजीनियर उसे कहते हैं कि वो लिखित में नहीं देंगे, काम करना पड़ेगा वरना नौकरी छोड़। इसके बाद कर्मचारी कहता है कि मुझे कुछ हुआ तो फिर कहेंगे मैंने गलती की, आपको जिम्मेदारी तो लेना पड़ेगी।

रिकॉर्डिंग सामने आने के बाद अधिवक्ता अभिजित पांडे ने लाइनमैन की ओर से डिवीजन मुख्यालय में शिकायत की है। शिकायत में कहा गया है कि सिर्फ सुरक्षा मानकों को अनदेखा नहीं किया गया बल्कि जानबूझकर आउटसोर्स कर्मचारी की जान खतरे में डाली। जबकि ट्रांसफार्मर पर सुधार का काम भी हाईटेंशन स्टाफ का काम था ना कि जोन के अस्थाई अकुशल कर्मचारी का। मामले में लाइनमैन रवि ने नईदुनिया से कहा कि बरसात के बीच डीओ डाला जाना था। मेरे दस्ताने और बांस गीले थे, लेकिन लाइन बंद नहीं की गई। इंजीनियर के दबाव बनाने पर मैंने कॉलोनी वालों से सूखा बांस लिया और जैसे-जैसे सुधार काम किया। हमारी एसोसिएशन इस मामले में अधिकारियों से मिल रही है। पहले कई लाइनमैन की जान ऐसे ही मामलों में जा चुकी है। लगातार हो रही मनमानी इससे पहले जोन के जिम्मेदार इंजीनियर के खिलाफ मनमानी को लेकर और भी शिकायतें हुई हैं। अनंत चतुर्दशी पर परस्पर नगर में आठ घंटे तक बिजली गुल रही। जोन इंजीनियर को सिर्फ एक ट्रांसफार्मर से दूसरे ट्रांसफार्मर पर लाइन शिफ्ट करना थी। हालांकि इंजीनियर ने करने से इनकार कर दिया। बाद में बिजली कंपनी मुख्यालय शिकायत हुई तो जांच भी की गई। जिम्मेदारों के निलंबन का प्रस्ताव बना था लेकिन जांच दबा दी गई। अब दूसरी शिकायत हुई है।

# विजय नगर में चली गोली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रेडिसन होटल के पास गोली चलने के मामले में विजय नगर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस शुक्रवार को घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालेगी। यहां गुरुवार रात को गोली चली थी, जो एक कार के बोनट में आकर लगी। कार के पास ही कारतूस का खाली खोल भी मिला है। कुछ लोगों ने पुलिस को सूचना दी कि रेडिसन चौराहे के पास सर्विस रोड पर गोली चली है। यह गोली एक कार के बोनट में लगी। कार के ड्राइवर ने बाहर आकर देखा तो बोनट में छेद हो गया था। एक दिन पहले तक यह इलाका पुलिस के सुरक्षा घेरे में था। दरअसल, इंदौर में चल रहे महिला क्रिकेट मैच में शामिल होने आस्ट्रेलिया की टीम आई थी। उसे इसी होटल में ठहराया गया था। इस कारण चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी। आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच एक अक्टूबर को मुकाबला हुआ था। पुलिस को आशंका है कि हर्ष फायर हुआ होगा, लेकिन यह हर्ष फायर ही है या कुछ और इसका पता लगाया जा रहा है।

# नाबालिग ने की आत्महत्या पेड़ पर लटका मिला शव

**इंदौर।** राजेंद्र नगर क्षेत्र में नाबालिग ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह उसका शव नीम के पेड़ से लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार, घटना अहीरखेड़ी की है। मृतक का नाम अर्जुन (19) पुत्र सरदार है। वह कुंदन नगर का रहने वाला था। शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे उसके बड़े भाई करण ने खेत की ओर जाते समय अर्जुन का शव पेड़ से लटका देखा। भाई करण ने पुलिस को बताया कि गुरुवार रात करीब 11 बजे से अर्जुन घर पर नहीं था। परिवार को लगा कि वह दोस्तों के पास गया होगा। सुबह खेत की तरफ जाने पर यह घटना सामने आई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया है। परिवार के मुताबिक, अर्जुन और करण के पिता का 2 दिन पहले ही बीमारी के कारण निधन हुआ था। शुक्रवार को तीसरे दिन का क्रियाकर्म था। आशंका है कि इसी मानसिक तनाव के चलते अर्जुन ने यह कदम उठाया। भाई करण के अनुसार, अर्जुन हम्माली का काम करता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा के दृष्टिगत हो निर्माण कार्य

# श्रीराम पथ गमन, परिक्रमा पथ और श्रीराम राजा लोक का निर्माण भव्यता के साथ करें पूरा : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के बाद पर्यटकों और श्रद्धालुओं का सारा फोकस चित्रकूट पर है। श्रीराम पथ गमन और श्रीराम राजा लोक के निर्माण कार्य भव्यता के साथ किये जाएं। साथ ही श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुविधा को प्राथमिकता में रखें। सभी विभाग आपसी समन्वय और तालमेल के साथ प्रभावी कार्यवाही करें।**



समयबद्ध योजना के अनुसार आवंटित राशि का समुचित उपयोग करें और प्रबंधन कर सभी निर्माणाधीन कार्य समय-सीमा में पूरे करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीराम पथ गमन निर्माण से पहले परिक्रमा पथ तैयार किया जाए, इससे देश-विदेश के पर्यटकों के बीच चित्रकूट का व्यापक प्रचार होगा। उन्होंने कहा कि चित्रकूट के घाटों पर पर्यटकों को आध्यात्मिक अनुभव होना चाहिए और हमारे सभी प्रयास इसी दिशा में आगे बढ़ने चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में श्रीराम पथ गमन कार्य योजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि चित्रकूट में धार्मिक के साथ मेडिकल पर्यटन की भी सभी संभावनाएं विकसित करने के लिए ठोस कार्यवाही की जाए। चित्रकूट में उच्च कोटि का हेल्थ वेलनेस सेंटर बनाया जाए। इससे चित्रकूट आने वाले पर्यटकों को सामान्य सहित आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं भी उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने निवाड़ी जिले के ओरछा में भगवान श्री रामराजा लोक निर्माण की अद्यतन प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव अशोक बर्णवाल, अपर मुख्य सचिव संजय दुबे, अपर मुख्य सचिव शिवशेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव लोक निर्माण सुखवीर सिंह, आयुक्त जनसम्पर्क दीपक सक्सेना, मुख्यमंत्री के संस्कृति सलाहकार श्रीराम तिवारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट के समग्र विकास के लिए सेवा के कामों से जुड़ी धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं को भी जोड़ा जाए। बड़ी कम्पनियों के सीएसआर फंड से भी चित्रकूट में सेवा गतिविधियां विकसित की जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि चित्रकूट में परिक्रमा पथ जल्द से जल्द तैयार किया जाए। यहां सोमवती अमावस्या पर उमड़ने वाले श्रद्धालुओं की भारी तादाद के चलते भीड़ प्रबंधन की माइक्रो प्लानिंग की जाए। उन्होंने अपर मुख्य सचिव नगरीय विकास एवं आवास को निर्देश दिए कि चित्रकूट नगर परिषद हैं, इसलिए वहां नगरीय विकास से जुड़े सभी काम प्राथमिकता से किए जाएं। चित्रकूट नगर का सौन्दर्यीकरण इस तरह से हो कि वह और भी अधिक सुंदर, नियोजित और व्यवस्थित हो जाए। अपर मुख्य सचिव संस्कृति एवं पर्यटन श्री शुक्ल ने बताया कि चित्रकूट में स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत 27.21 करोड़ रूपए, कामदगिरि परिक्रमा पथ के विकास के लिए 36.84 करोड़ रूपए और स्मारक यज्ञ देवी सहित अन्य विकास कार्यों के लिए 72 लाख रूपए के निर्माण कार्य वर्तमान में संचालित हैं। इसी प्रकार ओरछा में श्रीराम राजा लोक निर्माण दोनों चरण सहित 7 विभिन्न प्रकार की परियोजनाओं पर कुल 239.87 करोड़ रूपए से अधिक की लागत के निर्माण कार्य प्रगति पर हैं।

# कमिश्नर-कलेक्टर कांफ्रेंस 7 और 8 अक्टूबर को, कॉन्फ्रेंस के दिशा निर्देश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 7 एवं 8 अक्टूबर को कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर भोपाल में होने वाली कमिश्नर-कलेक्टर कॉन्फ्रेंस संबंधी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।**

विषय संयोजक को प्रस्तुति के लिए अधिकतम 20 मिनट मिलेंगे और प्रत्येक क्षेत्र में राज्य सरकार की प्राथमिकताएं बतायी जायेंगी। राज्य सरकार के विजन के अनुरूप केन्द्र और राज्य सरकार की क्षेत्रीय प्रमुख योजनाओं और कार्यक्रमों में सर्वश्रेष्ठ 5 और कमजोर 5 जिलों की समीक्षा की जायेगी। कांफ्रेंस में कलेक्टरों के सुझावों पर ध्यान केन्द्रित कर आने वाली विशिष्ट समस्याएं और मुद्दे तथा जिला स्तर पर उस क्षेत्र के साथ अन्य किसी क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए नवाचार पर चर्चा की जायेगी। मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री कार्यालय और योजना विभाग चुनिंदा कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे। स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और नवाचार तथा जिला, ब्लॉक और पंचायत स्तर पर सार्वजनिक संवाद (जन संवाद) वीसी के माध्यम से इच्छित परिणाम प्राप्ति पर चर्चा होगी। जिला, ब्लॉक और ग्राम स्तर पर रोजगार सृजन, लोगों के लिए सरकारी कल्याणकारी योजनाओं तक आसान पहुंच और पहलों के बारे में जागरूकता पर चर्चा होगी। सभी 8 सेक्टरों के लिए 75 मिनट का सत्र समय रखा गया है।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान तालाब में डूबी तीन बच्चियां

**मुलताई।** बैतूल के मुलताई में प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन बच्चियां तालाब में डूब गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने इनमें से दो को बचा लिया, एक लापता है। हादसा सोनौली गांव में शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे हुआ। ग्रामीण देवी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तालाब पर पहुंचे थे। विसर्जन के बाद गांव वाले वापस आ गए थे। इस दौरान लक्ष्मी (12), मुस्कान (18) और मोनिका मराठी (11) तालाब में नहाने उतर गईं। तीनों गहराई में चली गईं और डूबने लगीं। चीखने की आवाज सुनकर मौके पर मौजूद लोग तुरंत पानी में कूदे। मुस्कान और मोनिका को सुरक्षित बाहर निकाल लिया लेकिन लक्ष्मी गहराई में समा गई। बता दें कि मध्यप्रदेश में प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रमों के दौरान दो दिन में 14 लोगों की मौत हो गई है जबकि 5 लोग अस्पताल में भर्ती हैं।

# धीरेंद्र शास्त्री बोले- 'सर तन से जुदा..' बर्दाश्त नहीं...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। 'आई लव मोहम्मद' कैंपेन को लेकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा है कि इसमें कोई बुराई नहीं है। 'आई लव महादेव जी' में भी कोई बुराई नहीं है। लेकिन 'सर तन से जुदा कर देंगे'... ये कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।**

पंडित धीरेंद्र शास्त्री शुक्रवार को ग्वालियर पहुंचे। जहां मीडिया से चर्चा के दौरान उन्होंने ये बात कही। उन्होंने पाक (पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर) के निवासियों से अपील की है कि वे भारत में 'घर वापसी' कर लें। तमिलनाडु में भगवान राम, लक्ष्मण और माता सीता के पुतले जलाने की घटना पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कड़ा विरोध जताया। उन्होंने कहा कि यह राम के राष्ट्र में रावण के खानदान के लोगों का कृत्य है। उन्होंने मांग की है कि वहां की सरकार ऐसे लोगों पर कार्रवाई करें और उन्हें फांसी दी जानी चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि सभी के अपने आराध्य होते हैं और किसी को भी किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं है। धीरेंद्र शास्त्री ने पीओके वासियों से भारत में वापस आने का आह्वान करते हुए कहा कि पाकिस्तान अब पीओके को संभाल नहीं पा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत पाक अधिकृत जमीन लेकर रहेगा और यह सही समय है।

## कान्हा टाइगर रिजर्व में बाघ और दो शावकों की रहस्यमयी मौत, प्रबंधन सकते में

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंडला, एजेंसी।** कान्हा टाइगर रिजर्व एक बार फिर चर्चा में आ गया है। नए पर्यटन सीजन के दूसरे ही दिन यहां दो अलग-अलग स्थानों पर एक वयस्क बाघ और दो मासूम शावकों के शव मिलने से सनसनी फैल गई। यह घटना न केवल वन्यजीव प्रेमियों को विचलित कर रही है, बल्कि टाइगर रिजर्व प्रबंधन के लिए भी चिंता का विषय बन गई है। सूचना के अनुसार, मुक्की रेंज के मवाला क्षेत्र में लगभग 10 वर्षीय नर बाघ मृत अवस्था में मिला। वहीं कान्हा रेंज में दो मादा शावक, जिनकी उम्र महज डेढ़ से दो महीने बताई जा रही है, मृत पाई गईं। दोनों घटनाओं की जानकारी हाथी गश्ती दल को हुई, जिसके बाद तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया और वे मौके पर पहुंचे। वन विभाग के अधिकारियों ने शावकों का पोस्टमॉर्टम कराया। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों शावकों की मौत किसी बड़े जानवर के हमले से हुई है। आशंका जताई जा रही है कि नर बाघ ने इन मासूम शावकों को अपना शिकार बनाया।

# मध्यप्रदेश में फिर शुरू हुआ तेज बारिश का दौर

## सीधी में 9 घंटे में 2 इंच से ज्यादा गिरा पानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश के कई हिस्सों में मौसम फिर से सक्रिय हो गया है। शुक्रवार को बारिश का दौर जारी रहा। सीधी में 9 घंटे में 2 इंच से ज्यादा पानी गिरा। मऊगंज में पिछले 10 घंटे से पानी गिर रहा है।इसके अलावा भोपाल, सीहोर, शाजापुर, राजगढ़, देवास, बैतूल, रतलाम, नरसिंहपुर, सागर, सतना, उमरिया, जबलपुर, बालाघाट, टीकमगढ़, रीवा, सिंगरौली समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा। सागर में डेढ़ इंच और सतना में एक इंच बारिश हो गई। मौसम विभाग ने 4 जिले- रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में अगले 24 घंटे के दौरान 8 इंच तक बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। स्ट्रॉन्ग सिस्टम की एक्टिविटी 4 अक्टूबर को भी बनी रहेगी।

### चक्रवाती परिसंचरण तंत्र भी प्रभाव

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि देश के पूर्वी और पश्चिमी हिस्सों में डिप्रेशन और डीप डिप्रेशन की सक्रियता देखी जा रही है। साथ ही दो चक्रवाती परिसंचरण तंत्र भी प्रभाव में हैं, जिनमें से एक मध्यप्रदेश के पूर्वी भाग पर सक्रिय है। इसका



असर शुक्रवार से देखने को मिलेगा। आगामी 48 घंटों तक अच्छी बारिश की संभावना बनी रहेगी।

### 10 अक्टूबर तक प्रदेश से विदा लेगा मानसून

प्रदेश के 12 जिलों से मानसून की विदाई हो चुकी है। इनमें ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर और रतलाम शामिल हैं। राजगढ़ और अशोकनगर के कुछ हिस्सों से भी मानसून लौट चुका है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान परिस्थितियां पूरी तरह अनुकूल नहीं हैं, लेकिन 10 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश से मानसून विदा ले लेगा। गौरतलब है कि इस वर्ष मानसून ने प्रदेश में 16 जून को दस्तक दी थी, जो सामान्य तिथि से एक दिन बाद है। आमतौर पर 6 अक्टूबर तक मानसून विदा हो जाता है, लेकिन सक्रिय सिस्टम के चलते यह प्रक्रिया थोड़ी आगे बढ़ सकती है।

### गुना रहा सबसे अधिक वर्षा वाला जिला

इस बार प्रदेश में सर्वाधिक वर्षा गुना जिले में दर्ज की गई 65.6 इंच। मंडला और रायसेन में भी 62 इंच से अधिक वर्षा हुई। वहीं श्योपुर और अशोकनगर में 56 इंच से ज्यादा पानी गिरा। दूसरी ओर, शाजापुर, खरगोन, खंडवा, बड़वानी और धार में वर्षा अपेक्षाकृत कम हुई है। शाजापुर में 28.9 इंच, खरगोन में 29.6 इंच, खंडवा में 32 इंच, बड़वानी में 33.5 इंच और धार में 33.6 इंच वर्षा दर्ज की गई है। मानसून की शुरुआत में इंदौर और उज्जैन संभाग में वर्षा की स्थिति संतोषजनक नहीं थी। इंदौर में तो एक समय सबसे कम बारिश दर्ज की गई थी। लेकिन सितंबर में हुई अच्छी बारिश से इंदौर में सामान्य वर्षा का लक्ष्य पूरा हो गया है। उज्जैन में कुछ जिलों में अभी भी सुधार की जरूरत है। सबसे कम वर्षा वाले जिलों में शाजापुर अभी भी शीर्ष पर है।

**मध्यप्रदेश में क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन से संवर रही किसानों की तकदीर**

## प्रदेश में वाटरशेड मिशन का नवाचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** परंपरागत खेती से आय में बढ़ोतरी की राह तलाश रहे किसानों के लिए वाटरशेड विकास घटक के तहत प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 किसी वरदान से कम नहीं है। इस योजना के अंतर्गत प्रदेश के 14 जिलों के 3000 किसान अब कलस्टर आधारित सब्जी उत्पादन से जुड़कर 40 से 50 हजार तक की आय अर्जित कर रहे हैं। यह पहल न सिर्फ उनकी आर्थिक स्थिति सशक्त बना रही है, बल्कि गांवों में ग्रामीण आजीविका को भी नई दिशा दे रही है। रतलाम जिले के नौगांवाकला निवासी तेजपाल जैसे किसान जो पहले सिर्फ खाने लायक सब्जी उगाते थे, अब आधा एकड़ में टमाटर और मिर्च की व्यावसायिक खेती कर रहे हैं। यह बदलाव संभव हुआ है वाटरशेड विकास घटक की प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के नवाचार से जिसने पहली बार जल संरक्षण को आजीविका से जोड़ा है।

## संपादकीय

### क्या भारत को Su-57 जेट खरीदना चाहिए या नहीं...

भारतीय वायुसेना की 'रीढ़' कहा जाने वाला मिग-21 फाइटर जेट हाल ही में रिटायर हो गया। ऐसे में खबरें आ रहीं कि भारतीय वायु सेना रूस के Su-57 लड़ाकू विमान को खरीदने पर विचार कर रही है। रूस की ओर से Su-57 के मेक इन इंडिया का प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि, इस लड़ाकू विमान को लेकर कई एक्सपर्ट्स ने सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने इस कदम 'अस्थायी समाधान' करार दिया। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि कई एविएशन एक्सपर्ट रूसी Su-57 को पारंपरिक रूप से पांचवीं पीढ़ी का लड़ाकू विमान नहीं मानते हैं। यही नहीं भारत ने रूस के Su-57 जेट को एक समय कमजोर बताकर छोड़ दिया था। हालांकि, अब रूस की ओर से एक बार फिर प्रपोजल आगे बढ़ाया गया है, जिसके बाद सवाल उठ रहे क्या भारत को Su-57 जेट खरीदना चाहिए या नहीं। जानकारों की मानें तो इस लड़ाकू विमान की खरीद से पहले दो बार सोचना चाहिए, आइए समझते हैं कैसे। Su-57 विमान भारत के लिए कोई नया नहीं है। भारतीय वायुसेना ने पहले भी इसके विकास में रूस के साथ साझेदारी की थी। इस कार्यक्रम का नाम PAK-FA दिया गया था। भारत ने इस पर लगभग 290 मिलियन डॉलर (लगभग 29 करोड़ डॉलर) का निवेश भी किया। हालांकि, बाद में वायुसेना ने इस कार्यक्रम से कदम पीछे खींच लिए थे। उस समय भारतीय वायुसेना ने साफ-साफ कहा था कि यह विमान 'पांचवीं पीढ़ी' के लड़ाकू विमान की असली खूबियों को पूरा नहीं करता। '5th जेनरेशन' फाइटर जेट बहुत आधुनिक होते हैं। वे दुश्मन के रडार से छिप सकते हैं और बहुत तेजी से उड़ान भर सकते हैं। इस विमान की 'स्टील्थ' क्षमता, यानी दुश्मन के रडार से छिपने की क्षमता, अमेरिका के F-22 या F-35 जैसे विमानों से बहुत कम थी। 'सुपरक्रूज' का मतलब है कि विमान बिना ज्यादा ईंधन जलाए और बिना आफ्टरबर्नर चलाए बहुत तेज गति से लगातार उड़ सकता है। Su-57 में यह क्षमता भी नहीं थी। इसके अलावा, रूस ने भारत के साथ विमान के डिजाइन, तकनीक या उत्पादन की जिम्मेदारी साझा करने से मना कर दिया था। भारत इन बातों से संतुष्ट नहीं था। तब से अब तक कुछ भी नहीं बदला है। बल्कि, इस फाइटर जेट की कमियां और भी ज्यादा सामने आ गई। ऐसे में जिस विमान को भारत पहले ही नकार चुका है, उसे दोबारा खरीदने के बारे में सोचना ठीक नहीं है। खुद रूस ने भी अपने बेड़े में महज 24 Su-57 जेट शामिल किए हैं। यह आंकड़े बेहद कम हैं, खासकर तब जिस समय रूस इसे अपना सबसे मॉडर्न लड़ाकू विमान बताता है। इससे भी ज्यादा चौंकाने वाली बात यह है कि रूस ने यूक्रेन जंग में इस जेट का निर्णायक रूप से इस्तेमाल नहीं किया। अगर रूस खुद अपने सबसे खास फाइटर जेट पर भरोसा नहीं करता कि वह युद्ध में हवाई श्रेष्ठता हासिल कर सकता है, तो भारत को इस पर भरोसा क्यों करना चाहिए? ये बड़ा सवाल है। रूस की डिफेंस पर कई देशों ने प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इन प्रतिबंधों के कारण Su-57 विमान अब विदेशी पुर्जों पर ज्यादा निर्भर हो गया है। इसमें चीन के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य छोटे-छोटे सिस्टम इस्तेमाल हो रहे। भारत के लिए यह एक बहुत बड़ा सुरक्षा जोखिम है। कोई भी देश अपनी हवाई सुरक्षा को ऐसे फाइटर जेट पर निर्भर नहीं कर सकता, जिनके पुर्जे किसी दुश्मन देश की आपूर्ति श्रृंखला से आ रहे हों। यह भारत की संप्रभुता के लिए खतरा हो सकता है। भारत अगर आज Su-57 खरीदने की डील फाइनल करता है तो पहले Su-57 जेट आने में तीन से चार साल लग जाएंगे। दो स्क्वाड्रन को पूरी तरह से तैयार हालत में भारत लाने के लिए और तीन साल लगेंगे। सवाल ये भी है कि रूस खुद अपने लिए भी साल में मुश्किल से आधा दर्जन विमान बना पा रहा है, क्योंकि वह युद्ध लड़ रहा है और उसकी अर्थव्यवस्था युद्ध पर केंद्रित है। ऐसे में एक्सपर्ट इस लड़ाकू विन को अस्थायी समाधान बता रहे हैं। ऐसा इसलिए भी है क्योंकि भारत का अपना AMCA विमान, जो अभी शुरुआती मॉडल बनाने के फेज में है, 2035 तक शामिल होने के करीब पहुंच सकता है, भले ही इसमें कुछ देरी हो। ऐसे में Su-57 तुरंत की कमी को पूरा करने में कोई मदद नहीं करेगा।

# उल्लू और भूतों के सरदार का सपना



दिनकर नामक जंगल में एक पुराना-सा बरगद का पेड़ हुआ करता था, जिसमें उल्लू का घर भी था। उसी पेड़ के नीचे एक हाथी भी रहता था, जिसका नाम झनकू था। एक जगह पर रहने की वजह से उल्लू और झनकू हाथी के बीच अच्छी दोस्ती थी।

इधर, हाथी सारा दिन जंगल में मस्ती करता था। कभी वो गन्ने खाता, तो कभी अपनी सूंड में पानी भरता और अपने ऊपर फेंकता। उधर, उल्लू सारा दिन सोता और रात होते ही झनकू के पास जाकर ढेर सारी बातें करता था। ऐसे ही दोनों का समय अच्छे से कट जाता था।

एक दिन हाथी घूमकर शाम के समय बरगद के पेड़ के पास लौट रहा था, तभी उसने कुछ भूतों को बातें करते हुए देखा। उसने सुना कि भूत आसपास के लोगों को डराना की सोच रहे हैं।

उसी वक्त भूतों के सरदार ने झनकू को देख लिया। वो जोर से चिल्लाया पकड़ लो इस हाथी को। कुछ भूत झनकू को पकड़ने के लिए उसके पीछे भागने लगे।

भूतों के सरदार के पास खड़े कुछ भूतों ने पूछा, "ये कौन था सरदार।"

सरदार ने जवाब दिया, "मैंने कल रात सपने में एक हाथी को पूरा खाया था। ये हाथी बिल्कुल मेरे सपने के हाथी जैसा ही था। इसे देखकर लग रहा है कि सपने सच हो सकते हैं। इसे पकड़कर आज मैं अपना सपना सच करके ही रहूंगा। "

तभी हाथी को भूत पकड़कर सरदार के पास ले आए। झनकू ने पहली बार भूतों को देखा था। उन्हें देखकर वो डर गया। कांपते हुए झनकू हाथी की तरफ भूतों का सरदार अपना सपना सच करने के लिए बढ़ने लगा। झनकू के हाथ-पैर ठंडे पड़ चुके थे। ताकत तो झनकू के पास काफी थी, लेकिन उसे समझ नहीं आ रहा था कि भूतों से कैसे निपटे।

उसी समय झनकू का दोस्त उल्लू वहां पहुंचा। चिल्लाते हुए उल्लू हाथी के सिर पर बैठ गया और कहने लगा, "आज मेरा सपना पूरा होगा। यही है वो जिसे मैंने अपने सपने में देखा था। हां, यही है वो।"

उल्लू की ऐसी बातें सुन भूतों के सरदार ने पूछा, "अरे! क्या हुआ है तुम्हें? क्यों चिल्ला रहे हो और क्या कहना चाहते हो? कौन यही और कौन सा सपना?"

जवाब में उल्लू ने कहा कि देखिए मैंने कल रात सपना देखा था कि मेरी शादी हो गई है। मैंने जिसे अपने सपने में देखा था उसका चेहरा आपके बगल में जो खड़ी है उससे मिलता है। अब मैं इससे विवाह करके अपना सपना पूरा करूंगा।

तभी उल्लू सरदार ने बताया कि वो भूतों की रानी है और तुम्हारा ये सपना सच नहीं हो सकता है।

उसी वक्त भूतों की रानी भी चिल्लाते हुए कहने लगी कि मैं एक उल्लू से शादी कभी भी नहीं करूंगी।

भूतों के सरदार ने उस रानी से कहा कि चिंता करने की कोई बात नहीं है। यह है ही उल्लू, इसलिए ऐसी बातें कह रहा है। सपने सच थोड़ी होते हैं। मैंने पिछली रात को सपने में इस हाथी को खा लिया था। सच में थोड़ी मैं इसे खाऊंगा, क्योंकि सपने सच नहीं होते हैं। सपनों को सपना ही रहने देना चाहिए।

इतनी बात सुनते ही झनकू तेजी से अपने बरगद के पेड़ की तरफ भाग गया।

हाथी के वहां से जाते ही उल्लू ने भूतों के सरदार से कहा, "आप लगते तो हैं उल्लू ही, लेकिन बातें और काम समझदारी की ही करते हैं। मुझे अच्छा लगा आपकी बातें सुनकर।"

इतना कहकर उल्लू वहां से उड़कर बरगद के पेड़ पर पहुंच गया।

अपने दोस्त उल्लू को देखते ही हाथी ने उसे धन्यवाद कहा और उल्लू जोर-जोर से हंसने लगा।

हाथी ने पूछा क्या हुआ, "उल्लू ने कहा कि मैंने भूत की बातें सुन ली थी। वो तुम्हें अपने सपने की वजह से खाना चाहता था, इसलिए मैंने भी उसे झूठा सपना सुनाकर बेवकूफ बना दिया।"

फिर उल्लू ने हाथी से कहा कि दोस्त! तुम्हें न तो मुझे धन्यवाद कहने की जरूरत है और न ही उससे डरने की। दोस्ती में धन्यवाद की जगह नहीं होती है।

तब कहीं जाकर हाथी को राहत की सांस आई और दोनों दोस्त मिलकर भूतों के सरदार की नासमझी पर हंसने लगे।

**कहानी से सीख :**

दोस्ती अगर सच्ची हो तो, वो हर मसुबित में आपके साथ खड़े रहते हैं।

New Delhi

# आज युवाओं को तोहफा देंगे प्रधानमंत्री मोदी, ₹62000 करोड़ की योजनाएं करेंगे लॉन्च; बिहार पर रहेगा फोकस

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज युवाओं और शिक्षा से जुड़ी कई बड़ी योजनाएं शुरू करने वाले हैं। इन योजनाओं की कुल लागत 62,000 करोड़ रुपये से ज्यादा है। सरकार का कहना है कि इससे युवाओं की पढ़ाई, स्किल ट्रेनिंग (कौशल विकास) और रोजगार के मौके बढ़ेंगे।

पीएम मोदी 'प्रधानमंत्री स्किलिंग एंड एम्प्लॉयबिलिटी ट्रांसफॉर्मेशन थ्रू अपग्रेडेड आईटीआई (पीएम-सेतु)' नाम की नई योजना लॉन्च करेंगे। इसके तहत देशभर के 1,000 सरकारी आईटीआई कॉलेज आधुनिक बनाए जाएंगे। इसमें 200 आईटीआई 'हब' होंगे और 800



आईटीआई उनसे जुड़े रहेंगे। हर हब में नई तकनीक, डिजिटल लर्निंग, इनोवेशन सेंटर, ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स और प्लेसमेंट सर्विस होगी। इसे वर्ल्ड बैंक और एशियन डेवलपमेंट बैंक भी सहयोग देंगे। पहली कड़ी में बिहार के पटना और दरभंगा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

34 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 400 नवोदय विद्यालय और 200 एकलव्य मॉडल स्कूलों में 1200 स्किल लैब्स खोली जाएंगी। इसमें बच्चों को 12 प्रमुख सेक्टर जैसे आईटी, ऑटोमोबाइल, कृषि, इलेक्ट्रॉनिक्स, लॉजिस्टिक्स और पर्यटन में ट्रेनिंग मिलेगी। इसके लिए 1200 विशेष शिक्षक भी तैयार किए जाएंगे।

Rajasthan

## दो राज्यों में 8 बच्चों की मौत: जबलपुर में कफ सिरप वितरक पर छापा



**जयपुर, (एजेंसी)** राजस्थान सरकार ने सीकर में सरकारी अस्पताल से मिली कफ सिरप पीने से कथित तौर पर 2 बच्चों की मौत के बाद जांच के आदेश दिए हैं। वहीं, मध्य प्रदेश ड्रग एंड फार्मास्युटिकल डिपार्टमेंट ने जबलपुर में कटारिया फार्मास्यूटिकल्स डिस्ट्रीब्यूटर पर छापा मारा। यह छापेमारी कथित तौर पर कफ सिरप के कारण 15 दिनों में 6 बच्चों की मौत की खबर सामने आने के बाद की गयी है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य स्वास्थ्य विभाग ने डेक्सट्रोमेथोर्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप आईपी 13.5 मिलीग्राम/5 मिलीलीटर (Dextromethorphan Hydrobromide Syrup IP) दवा के सेवन से बच्चों की मौत की सूचना के बाद तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। कटारिया फार्मास्युटिकल्स के वितरक राजपाल कटारिया ने पीटीआई से कहा, "हमने छिंदवाड़ा में कफ सिरप की आपूर्ति की थी। इसे पीने के बाद 30 से ज़्यादा बच्चे बीमार पड़ गए। बीमार पड़ने के बाद बच्चों को नागपुर के अस्पतालों में रेफर किया गया। 6 बच्चों की मौत हो गई। यह आपूर्ति छिंदवाड़ा में न्यू अपना एजेंसी, आयुष फार्मा और जैन मेडिकल एंड जनरल स्टोर्स को की गई थी। कफ सिरप चेन्नई की एक कंपनी से मंगवाया गया था।" जबलपुर के ड्रग इंस्पेक्टर शरद कुमार जैन ने पीटीआई को बताया, "हमारी जांच के अनुसार, कटारिया फार्मास्युटिकल्स ने चेन्नई की एक कंपनी से कोल्ड्रिफ कफ सिरप की 660 बोतलें मंगवाई थीं।

New Delhi

## बच्चों को कफ सिरप देने को लेकर भारत सरकार ने जारी की एडवाइजरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** कफ सिरप को लेकर जारी कई तरह के संशयों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बच्चों के लिए कफ सिरप के इस्तेमाल पर एडवाइजरी जारी की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि दो साल से छोटे बच्चों को ये दवाएं नहीं दी जानी चाहिए। इतना ही नहीं, मंत्रालय ने यह भी कहा कि पांच साल से ऊपर के बच्चों के लिए भी केवल डॉक्टर की देखरेख में सही डोज़ और सीमित समय के लिए ही इस्तेमाल करनी चाहिए।

स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा कहा गया कि खांसी और सर्दी में पहले आराम, पर्याप्त पानी और अन्य सहायक उपाय अपनाना जरूरी है। सभी अस्पताल और क्लिनिक केवल गुणवत्ता वाली दवाएं ही दें और राज्य स्वास्थ्य विभाग इसे सभी सरकारी और निजी स्वास्थ्य केंद्रों में लागू करें। भारत सरकार ने बच्चों में कफ सिरप और सर्दी-जुकाम की दवाओं के सुरक्षित और विवेकपूर्ण उपयोग के लिए नई एडवाइजरी जारी की है।

Maharashtra

## EMI नहीं चुकाई तो मोबाइल-टीवी जैसे प्रोडक्ट नहीं चलेंगे

**मुंबई, (एजेंसी)** भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ऐसी व्यवस्था बनाने की तैयारी कर रहा है, जिसमें कंज्यूमर अगर EMI नहीं चुकाए तो कर्ज पर खरीदा गया प्रोडक्ट और उसकी सेवाएं दूर से बंद की जा सकेंगी। इसका उद्देश्य मोबाइल, टीवी जैसे प्रोडक्ट्स के लिए छोटे कर्जों की वसूली को आसान बनाना है। RBI ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों से इस विषय पर चर्चा की है।

फाइनेंस एक्सपर्ट आदिल शेट्टी बताते हैं कि रिजर्व बैंक को एक खास पहलू पर भी गौर करने की जरूरत होगी। फोन, लैपटॉप या इस तरह की अन्य चीजें खरीदने के लिए मिलने वाला कर्ज कोलेटरल-फ्री होता है। यानी इनके बदले ग्राहक की कोई संपत्ति गिरवी नहीं रखनी पड़ती। इसलिए



इनकी ब्याज दर ज्यादा यानी 14-16% होती है। ऐसे में यदि नई व्यवस्था लागू होती है तो ये कर्ज सुरक्षित लोन (जैसे होम, ऑटो लीन) की कैटेगरी में आ जाएंगे। ऐसे में बैंकों को ये अधिकार देने से पहले ऐसे लोन की कैटेगरी बदलनी होगी और ब्याज दरें भी घटानी होंगी।

खेल

## एक दिन में तीन भारतीयों की सेंचुरी, शतक लगाते ही राहुल ने सीटी बजाई, जडेजा ने बैट लहराया, जुरेल ने आर्मी सैल्यूट किया

**अहमदाबाद, (एजेंसी) वेस्टइंडीज के खिलाफ अहमदाबाद टेस्ट में शुक्रवार को तीन भारतीय बल्लेबाजों केएल राहुल, ध्रुव जुरेल और रवींद्र जडेजा ने शतक लगाए। तीनों बैटर्स ने अपने शतक को अलग अंदाज में सेलिब्रेट किया। राहुल ने सीटी बजाई, जडेजा ने बैट को तलवार की तरह घुमाया तो वहीं ध्रुव जुरेल ने आर्मी में रहे अपने पिता को आर्मी स्टाइल में सैल्यूट किया।**



भारत ने दूसरे दिन स्टंप्स तक 5 विकेट खोकर 448 रन बना लिए हैं। टीम ने वेस्टइंडीज पर 286 रन की बढ़त भी हासिल कर ली है। वेस्टइंडीज की टीम पहली पारी में 162 रन पर ऑलआउट हुई थी।

बतौर कप्तान शुभमन गिल भारत में पहला मैच खेल रहे हैं। गिल ने भारत की पहली पारी में 50 रन बनाए। यह कप्तान के रूप में गिल की देश में पहली फिफ्टी है। उन्होंने 56वें ओवर में खारी पियर की आखिरी बॉल पर एक रन लेकर फिफ्टी पूरी की। यह वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट में भी उनकी पहली हाफ सेंचुरी रही।

केएल राहुल ने भारतीय पारी के 65वें ओवर में अपना शतक पूरा किया। ये उनके टेस्ट करियर का 11वां और भारत में दूसरा शतक है। उन्होंने 2016 के बाद से घर पर एक भी सेंचुरी नहीं लगाई थी। राहुल ने शतक पूरा करने के बाद पहले हेलमेट पर लगे तिरंगे को चूमा और फिर सीटी बजाई। राहुल ने ये जश्न अपनी बेटी को समर्पित किया है। उनकी बेटी इवारा इसी साल 24 मार्च को पैदा हुई थी।

ध्रुव जुरेल ने 71वें ओवर में भारतीय पारी का पहला छक्का लगाया। रोस्टन चेज की बैक ऑफ लेंथ बॉल पर ध्रुव जुरेल बैकफुट पर गए और मिडविकेट के ऊपर शानदार छक्का लगाया

रवींद्र जडेजा ने जोमेल वारिकन की बॉल पर सिंगल लेने के साथ 168 बॉल पर अपनी सेंचुरी पूरी की। इसके बाद उन्होंने अपने बैट को तलवार की तरह लहराया और सोर्ड सेलिब्रेशन किया। जडेजा अक्सर फिफ्टी या सेंचुरी पूरी करने पर इसी तरह सोर्ड सेलिब्रेशन करते हैं।

भारतीय पारी के 116वें ओवर में ध्रुव जुरेल ने पहली टेस्ट सेंचुरी पूरी की। उन्होंने रोस्टन चेज के ओवर की आखिरी बॉल पर चौका लगाया और शतक पूरा किया। सेंचुरी लगाने के बाद जुरेल ने आर्मी स्टाइल में पिता को सेंचुरी डिडकेट की। ध्रुव ने अपने बल्ले को आर्मी जवान की राइफल बना दिया और फिर सैल्यूट भी किया। जुरेल के पिता नेम चंद भारतीय सेना से रिटायर हवलदार हैं। जुरेल 125 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## बधाई हो! विजय की हुईं रश्मिका मंदाना, गुपचुप की सगाई, इस दिन करेंगे शादी



एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने फैन्स को गुडन्यूज दी है. सालों के रिलेशनशिप के बाद दोनों ने गुपचुप सगाई कर ली है. दोस्त और परिवार वालों की मौजूदगी में विजय और रश्मिका ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई. फैन्स दोनों को लेकर काफी खुश हैं. बधाई दे रहे हैं. बता दें कि रश्मिका और विजय ने साथ में फिल्म Geetha Govindam में काम किया था. काफी सालों से दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे थे. हालांकि, दोनों में से किसी ने भी एक-दूजे का नाम नहीं लिया था. लेकिन इंटरव्यूज में ये जरूर कहा था कि वो रिश्ते में हैं. अक्सर ही दोनों को डेट्स और वेकेशन्स पर भी साथ में स्पॉट किया जाता रहा है. अब दोनों ने सगाई करके फैन्स को खुशखबरी दे दी है.  खबर आ रही है कि विजय देवरकोंडा के घर पर 3 अक्टूबर को दोनों ने सगाई की है. इसमें दोस्त और परिवार के लोग ही मौजूद थे. ये काफी इंटीमेट सेरेमनी थी. आने वाले साल फरवरी 2026 में दोनों शादी करेंगे. दोनों ही एक डेस्टिनेशन वेडिंग करेंगे. मालूम हो कि सिर्फ Geetha Govindam में ही नहीं, बल्कि दोनों ने Dear Comrade में भी साथ नजर आए थे.

## Highlights

1. Zubeen Garg's wife gifted holy Quran by Muslim community in Assam
2. Singapore Police gives Zubeen's autopsy report to Indian embassy
3. Trade imbalance to be addressed through increased imports: Putin
4. Indian startup Ticket9 expands RSVP platform to Europe
5. What are key points mentioned in draft Online Gaming Act 2025?

# Reliance begins informal talks with banks for record-breaking Jio IPO

**NEW DEIHI, (Agency).** Reliance Industries Ltd. has started informal talks with banks about the Jio IPO for a potential listing in the first half of 2026, Bloomberg News reported on Friday, citing people aware of the matter.

A formal process may begin by the end of this month and Reliance could start officially appointing investment bankers in November, the people said, asking not to be identified because the discussions are private.

The Jio Platforms IPO could raise more than $6 billion with Reliance selling just 5% of the company, Bloomberg News reported in July. That's far more than the record $3.3-billion raised in Hyundai Motor India Ltd. in 2024.

Deliberations are ongoing and details such as the size and timing of the Jio IPO could change, the people said. A representative for Reliance didn't have any immediate comment.




Mukesh Ambani, chairman of Reliance Industries, had said in August the Jio listing could take place in the first half of 2026.

"We are aiming to list Jio by the first half of 2026, subject to all necessary approvals," Ambani said during the Reliance Industries' 48th annual general meeting on 29 August 2025. "I assure you that this will demonstrate that Jio is capable of creating the same quantum of value as our global counterparts. I am sure that it will be a very attractive opportunity for all investors."

Reliance Jio Infocomm Ltd. has about 500 million subscribers, making it the biggest wireless carrier in the country.

On Friday, RIL shares fell 0.39% to ₹1,363.45 apiece on the BSE even as the benchmark Sensex ended the day 0.28% higher at 81,207.17 points.

# Mahindra upgrades the Thar after 3,00,000 unit sales in five years

**NEW DEIHI, (Agency).** IMahindra & Mahindra Ltd. has upgraded its best-selling Thar SUV, soon after the brand achieved a sales milestone of 3 lakh units in five years. In fact, the Thar accounts for nearly a fifth of Mahindra SUV sales in the past five years, underscoring the role of the brand in making M&M India's largest SUV maker by revenue.

The new Mahindra Thar gets a new front grille with a dual-tone bumper on the outside and an all-black dashboard with a new steering wheel on the inside, according to a statement issued on Friday.



New Mahindra Thar: Key Features

New front grille with dual-tone bumper, R18 alloy wheels, All-black dashboard with new steering wheel, New centre console with sliding armrest, rear AC vents, 26.03 cm touchscreen with Android Auto, Apple CarPlay, Door-mounted power windows, internally operated fuel lid, Rear windscreen wiper, rear-view camera, Two new colours: 'Tango Red' and 'Battleship Grey'

"At Mahindra, we are committed to listening to our customers and evolving with their needs," Nalinikanth Gollagunta, chief executive officer - automotive division, at M&M, said in the statement. "...The new Thar offers an unparalleled driving experience that empowers our customers to explore urban and off-road settings."

Mahindra Thar Sales

M&M has chosen to upgrade the Thar after the brand achieved the sales milestone of 3,00,000 units in five years—2,25,709 units for the three-door since October 2020 and 71,000 units for the five-door since August 2024.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

# I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

# WHO AM I?

# I AM THE DETECTIVE !

Helping Secretly & Securely...




WWW.DETECTIVEGROUP.IN

**Visit our website & Submit your Query...**
**Team will contact you within 24 hrs...**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक